iNext 22-08-2017

फ्रेशर्स पार्टी में स्टूडेंट्स का धमाल

PICS:DAINIK JAGRAN I NEXT

डायरेक्टर भी खुद को डांस करने से नहीं रोक सके.

एनएसआई डायरेक्टर ने भी स्टूडेंट्स के साथ लगाए ठुमके

kanpur@inext.co.in

KANPUR (21 Aug): नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की फ्रेशर पार्टी में मंडे को स्टूडेंट्स ने जमकर धमाल मचाया. माहौल और मौका देखकर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर प्रो. नरेन्द्र मोहन अग्रवाल भी खुद पर ज्यादा देर कंट्रोल नहीं कर सके और मंच पर स्टूडेंट्स के साथ जमकर ठुमके लगाए. डांस कॉम्पीटशन में संजली पाल, एस अली व गौरव शुक्ला ने बाजी मारी. रंगोली कॉम्पटीशन में साधिका सिंह ने विनर बनीं. भूटान तवांग के स्टूडेंट्स ने हिन्दी गानों की मेलोडी गाकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया. मिस फ्रेशर अंशू सिंह व मिस्टर फ्रेशर का खिताब अमरनाथ को मिला. कुलदीप यादव, डॉ. चित्रा यादव, डॉ. स्वेन, डॉ. जाहर सिंह, डॉ. सन्तोष कुमार भी मौजूद रहे.

मिस्टर फ्रेशर अमरनाथ व मिस फ्रेशर अंशू सिंह

हिन्दुस्तान 22-08-2017

अंशू मिस और अमरनाथ मिस्टर फ्रेशर बने

कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में नए सत्र में प्रवेश पाने वाले छात्र-छात्राओं ने 'फ्रेशर पार्टी' की। इसमें भूटान और नेपाल के छात्र भी शामिल हुए। शुगर टेक्नालॉजी की अंशू सिह मिस फ्रेशर और प्रासेस टेक्नालॉजी के अमरनाथ मिस्टर फ्रेशर बने। इससे पहले निदेशक प्रो. नरेन्द्र मोहन ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। नृत्य प्रतियोगिता में एल्कोहल टेक्नालॉजी प्रथम वर्ष की संजली पाल प्रथम, शुगर टेक्नालॉजी प्रथम वर्ष के शाबिश अली द्वितीय और शुगर टेक्नालॉजी प्रथम वर्ष के गौरव शुक्ला तृतीय स्थान पर रहे। अन्य प्रतियोगिता में साधिका सिह विजेता रहीं।

My City 22-08-2017

अमरनाथ बने मिस्टर और अंशू बनीं मिस फ्रेशर

अमर उजाला ब्यूरो

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में आयोजित हुई फ्रेशर्स पार्टी

फ्रेशर्स पार्टी

कानपुर।

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में सोमवार को फ्रेशर पार्टी हुई। इसमें इंस्ट्रूमेंटेशन एवं प्रोसेस टेक्नोलॉजी के अमरनाथ को मिस्टर और शुगर टेक्नोलॉजी की अंशू सिंह को मिस फ्रेशर चुना गया। सीनियर और जूनियर छात्रों ने मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रम में खूब धमाल मचाया। डांस कंपटीशन में एल्कोहल टेक्नोलॉजी प्रथम वर्ष की संजलि पाल ने प्रथम, शुगर टेक्नोलॉजी के शाकिब अली द्वितीय और शुगर टेक्नोलॉजी के गौरव शुक्ला को तृतीय पुरस्कार दिया गया। रंगोली प्रतियोगिता में एल्कोहल टेक्नोलॉजी की साधिका सिंह अव्वल रहीं। इस दौरान संस्थान के पूर्व छात्रों, भूटान और नेपाल के छात्रों ने भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ कर निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने छात्र-छात्राओं को संस्थान में आने की बधाई दी। इस मौके पर डॉ. संतोष कुमार, हास्टल वार्डन विनय कुमार, कुलदीप राणा, डॉ. चित्रा यादव, प्रो. स्वेन, डॉ. जाहर सिंह आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सहारा 22-08-2017

फ्रेशर पार्टी में छात्रों का धमाल

कानपुर (एसएनबी)। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) में सोमवार को प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्रों के लिए आयोजित 'फ्रेशर पार्टी' में नये-पुराने छात्रों ने खूब मस्ती की। छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में स्वयं निदेशन डॉ.नरेन्द्र मोहन भी छात्रों के बीच पहुंचे। निदेशक ने छात्रों का संस्थान व चीनी उद्योग का अंग बनने पर बधाई दी तथा कुछ नया इनोवेटिव कर दिखाने के लिए प्रेरित किया। पार्टी की मस्ती के बीच शुगर टेक्नालॉजी की छात्रा कु.अंशु सिंह को 'मिस फ्रेशर' तथा इंस्ट्रूमेंटेशर्न एंड प्रासेस टेक्नालॉजी के छात्र अमरनाथ 'मि.फ्रेशर' चुना गया।

'फ्रेशर पार्टी' के तहत छात्रों ने रंगा-रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संस्थान में पढ़ रहे भूटान व नेपाल के छात्रों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भागीदारी की। भूटान के तवांग ने हिन्दी गानों के मेडले गाकर सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक रूप से सभी ने अपने अपने हिसाब से ठुमके लगाये। छात्रों को मस्ती में डूबे देख संस्थान के निदेशक डॉ.नरेन्द्र मोहन भी खुद को न रोक पाये। उन्होंने भी ठुमके लगाये।

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में आयोजित फ्रेशर पार्टी में अंशू सिंह व अमरनाथ बने (मिस व मिस्टर फ्रेशर)।

'डांस' कंपटीशन में एल्कोहल टेक्नालॉजी प्रथम वर्ष की संजली पाल 'प्रथम', शुगर टेक्नालाजी प्रथम वर्ष के शाबिद अली 'द्वितीय' तथा शुगर टेक्नालाजी के ही गौरव शुक्ला तृतीय स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता का पुरस्कार द्वितीय वर्ष की छात्रा कु.साधिका सिंह ने जीता। फ्रेशर पार्टी के मौके पर हॉस्टल वार्डन विनय कुमार, असिस्टेंट हॉस्टल वार्डन कुलदीप, डॉ.चित्रा यादव, प्रो.डॉ.स्वेन, डॉ.जाहर सिंह आदि भी मौजूद रहे।

अंशु सिंह बनीं 'मिस फ्रेशर' व अमरनाथ 'मि.फ्रेशर'

दैनिक जागरण 22-08-2017

फ्रेशर्स पार्टी में झूमे छात्र

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में गत दिवस नवागत छात्र–छात्राओं के लिए छात्रावास प्रांगण में फ्रेशर्स पार्टी आयोजित की गई। शुभारंभ करते हुए निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने छात्रों को बधाई दी। इसके बाद डांस कॉम्पटीशन में सभी ने अपने हुनर दिखाए। प्रतियोगिता में एल्कोहल टेक्नोलॉजी प्रथम वर्ष के छात्र संजली पाल प्रथम, शुगर टेक्नोलॉजी प्रथम वर्ष के शाबिस अली द्वितीय और गौरव शुक्ला तीसरे स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता में एल्कोहल टेक्नोलॉजी द्वितीय वर्ष की साधिका सिंह विजेता रहीं। नेपाल और भूटान के छात्रों ने हिंदी में गाने सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। शुगर टेक्नोलॉजी प्रथम वर्ष की अंजू सिंह को मिस फ्रेशर और इंस्ट्रयूमेंटेशन एंड प्रोसेस टेक्नोलॉजी के अमरनाथ को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। हॉस्टल वार्डन विनय कुमार, असिस्टेंट वार्डन कुलदीप राणा भी मौजूद थे।